सतर्कता : नागरिकों को सायबर क्राइम के खतरे बताकर ठगोरों से निपटने के लिए कर रहे जागरूक

वर्चुअल वर्ल्ड में ठगी से बचाव के लिए नुक्कड़ों पर उतरी इंदौर पुलिस

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9926033955

आधुनिक तकनीकी युग में बढ़ते सायबर अपराध मप्र पुलिस के साथ-साथ इंदौर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती से कम नहीं है। फलस्वरूप इंदौर पुलिस मैदानी वारदातों से निबटने बदमाशों के खिलाफ रणनीति बनाकर डटी हुई है, वहीं दूसरी ओर इंटरनेट पर आभासी दुनिया (वर्चुअल वर्ल्ड) में सक्रिय सायबर अपराधियों के खिलाफ नागरिकों को जागरूक करने के लिए शहर के 'नुक्कड़ों' पर भी उतर गई है।

'साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा' अभियान : इसी क्रम में पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्र की पहल पर शहर में दस दिवसीय 'साइबर शिक्षा से साइबर सुरक्षा' अभियान क्लिक हील फाउंडेशन पुणे के सहयोग से चलाया जा रहा है। यह अभियान 6 मई तक चलेगा। मुंबई से आई ड्रामा टीम और एसआई शिवम ठक्कर की टीम संयुक्त रुप से 'नुक्कड़ नाटक' के जरिए प्रमुख चौराहों, बाजारों, स्कूल व कॉलेज आदि स्थानों पर जनता को साइबर अपराधों से बचने के तरीके समझा रही है। वर्चुअल वर्ल्ड में इंटरनेट पर लॉटरी लगने, गेम में रुपए कमाने या फिर एसएमएस और फर्जी ई-मेल के जरिए बैंक खातों से रुपए गायब कर लेने जैसे नए तरीकों से कैसे अपराधी टारगेट करते है? इसके बारे में समझाइश के साथ बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। पुलिस की सिटीजन कॉप एप्लीकेशन कैसे काम करती है,यह भी जानकारियां दी जा रही है।

लालबाग मेले में लगे सर्कस में इंदौर पुलिस

लालबाग मेले में लगे सर्कस में भी पहुंची टीम

साइबर सुरक्षा अभियान के तहत प्रमुख चौराहों पर ही नहीं, बल्कि पुलिस टीम शनिवार शाम 7 बजे ऐतिहासिक लालबाग में चल रहे मेले में लगे सर्कस में भी जा पहुंची। यहां सर्कस शुरू होने से पहले मौजूद दर्शकों के सामने टीम ने नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी और सायबर अपराध से बचने के तरीके बताए। इस प्रस्तुति पर नागरिकों ने तालियां बजाकर पुलिस टीम का उत्साह बढ़ाया।

ये प्रमुख संदेश दे रहे

- सोशल मीडिया पर किसी अनजान व्यक्ति से न दोस्ती और न ही बैंक खाते या अन्य निजी जानकारियां शेयर करें।
- सॉफ्टवेअर और ऑपरेटिंग सिस्टम को हमेशा अपडेट रखें।
- अपने सिस्टम में हमेशा एंटी वायरस सॉफ्टवेयर उपयोग करे
- मजबूत पासवर्ड का उपयोग करें और उसे गुप्त रखें, किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें।
- असुरक्षित वाई-फाई नेटवर्क का उपयोग न करें।
- यूपीआई से पेमेंट करने के लिए एक अलग से बैंक अकाउंट खुलवाएं और आवश्यकतानुसार बैलेंस ही रखें।
- पुलिस हेल्पलाइन के तहत सायबर हेल्प लाइन नंबर-7049124445, वी केअर फॉर यू -0731-2522111, क्राइम ब्रांच नंबर-7049124444, डायल 100 से मदद से ले सकते हैं।